# मौजूदा परीक्षा प्रणाली पर चिंता

## प्रिलिम्स के लिये:

नई शिक्षा नीति 2020, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA)

## मेन्स के लिये:

वर्तमान परीक्षा प्रणाली में चुनौतियाँ, नीतियों के डिज़ाइन और कार्यान्वयन से उत्पन्न मुद्दे

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

शिक्षा के निरंतर विकसित होते परिदृश्य में, **परीक्षा प्रणाली** अधिगम के परिणामों को आयाम देने और अकादमिक प्रमाण-पत्रों की विश्वसनीयता निर्धारित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

- हालाँकि, **बार-बार होने वाले घोटालों, असंगत मानकों** और रटकर याद करने पर व्यापक फोकस ने भारत में **मौजूदा परीक्षा प्रणाली की प्रभावशीलता के बारे में चिंताएँ** बढ़ा दी हैं।

## भारत में मौजूदा परीक्षा प्रणाली के संबंध में क्या चिंताएँ हैं?

- **विश्वसनीयता और शैक्षिक मानक:**
  - परीक्षा सत्र के दौरान घोटाले **परीक्षा बोर्डों की विश्वसनीयता पर असर** डालते हैं।
  - **विश्वसनीयता की कमी शैक्षिक मानकों को प्रभावित करती है क्योंकि शिक्षण परीक्षा पैटर्न के साथ संरेखित होता है, जो प्रायः रटने को बढ़ावा देता है।**
- **अल्पकालिक स्मरण:**
  - मध्यावधि, सेमेस्टर परीक्षा और यूनिट परीक्षण एक लघु कार्यक्रम प्रदान करते हैं लेकिन **अल्पकालिक स्मरण पैटर्न को प्रोत्साहित** करते हैं।
  - छात्र प्रायः अंकों के लिये अध्ययन करते हैं और परीक्षा के तुरंत बाद सीखी गई पाठ/विषय वस्तु को भूल जाते हैं।
  - शिक्षा को अल्पकालिक स्मरणीय बनाने के बदले **दीर्घकालिक अधिगम,** आंतरिक ज्ञान के रूप में स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिये।
    - शिक्षा प्रणाली को व्यावहारिक होना चाहिये, जिससे छात्रों की क्षमताओं का प्रभावी ढंग से परीक्षण किया जा सके।
- **मूल्यांकन गुणवत्ता:**
  - **संस्थानों में योगात्मक परीक्षा की वैधता** और तुलनीयता आज **अर्थहीन** है। ऐसी शिकायतें हैं कि परीक्षा बोर्ड **केवल स्मृति का परीक्षण** करते हैं, जिसके कारण **छात्रों को** उच्च-स्तरीय सोच विकसित करने के बदले **उत्तर याद रखने के लिये प्रशिक्षित** किया जाता है।
    - इसके अतिरिक्त, प्रश्न पत्रों में प्रायः भाषा की त्रुटियाँ, अप्रासंगिक प्रश्न और वैचारिकता में त्रुटियाँ जैसी गंभीर खामियाँ होती हैं।
  - परीक्षा प्रणाली **नकल और कदाचार से ग्रस्त** है, जैसे- **नकल करना, लीक करना, प्रतिरूपण करना** आदि।
    - यह मूल्यांकन और शिक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता एवं गुणवत्ता को कमज़ोर करता है।
- **विकेंद्रीकृत प्रणाली:**
  - भारत में **मूल्यांकन के विविध तरीकों** के साथ कई उच्च शिक्षा परीक्षा प्रणालियाँ हैं, जिनमें 1,100 विश्वविद्यालय, 50,000 संबद्ध कॉलेज और 700 स्वायत्त कॉलेज शामिल हैं।
    - कुल छात्र नामांकन 40.15 मिलियन से अधिक है, जो उच्च शिक्षा क्षेत्र के विस्तार को दर्शाता है।
    - इसके अतिरिक्त, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के लिये 60 स्कूल बोर्ड हैं, जो सालाना 15 मिलियन से अधिक छात्रों को प्रमाणित करते हैं।

- गोपनीयता और मानकीकरण को अच्छे परीक्षा बोर्डों की पहचान माना जाता है, लेकिन **उचित जाँच के बिना गोपनीयता घोटालों को जन्म देती** है।
- **परीक्षाओं में एकरूपता**, निरंतरता की मांग करते हुए, **मूल्यांकन और पाठ्यक्रम में प्रयोग में बाधा** बन सकती है।
  - इससे शिक्षा की विश्वसनीयता पर बड़ा संकट उत्पन्न हो गया है। एक गतिशील और प्रभावी शिक्षा प्रणाली के लिये **नवाचार की संभावना के साथ मानकीकरण** को संतुलित करना आवश्यक है।
- **रोज़गार क्षमता पर प्रभाव:**
  - नियोक्ता उम्मीदवारों के मूल्यांकन के लिये **संस्थागत प्रमाणपत्रों के बदले उनके मूल्यांकन पर भरोसा** करते हैं।
    - उच्च स्तरीय शिक्षा पर ज़ोर रोज़गार के लिये महत्त्वपूर्ण है, फिर भी संस्थागत परीक्षाएँ प्रायः कम पड़ जाती हैं।
    - इसने बदले में प्रतियोगी परीक्षाओं और कौशल के लिये एक **कोचिंग बाज़ार** तैयार किया है।

## परीक्षा प्रणाली में चुनौतियों का समाधान करने हेतु क्या कदम उठाए जा सकते हैं?

- **सीखने के परिणाम सुनिश्चित करना:**
  - स्पष्ट बेंचमार्क प्रदान करने के लिये **सीखने के परिणामों के न्यूनतम मानक निर्दिष्ट** किया जाए।
  - पाठ्यक्रम डिज़ाइन, शिक्षाशास्त्र और मूल्यांकन प्रणालियों में योगदान करने के लिये सभी विषयों के शिक्षाविदों को प्रोत्साहित किया जाए।
- **विषय और कौशल-विशिष्ट मूल्यांकन:**
  - व्यापक मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिये विषय-विशिष्ट और कौशल-विशिष्ट मूल्यांकन प्रक्रियाओं को शामिल किया जाए।
    - यह अपेक्षा की जाए कि **विश्वविद्यालय की डिग्रियाँ और स्कूल बोर्ड प्रमाण-पत्र वास्तव में छात्रों** की अधिगम की उपलब्धियों को प्रतिबिंबित किया जाए।
    - व्यापक और चुनौतीपूर्ण मूल्यांकन का समर्थन किया जाए जो छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर अलग कर सकें।
  - शिक्षक की भागीदारी और छात्र की भागीदारी के साथ पूरे पाठ्यक्रम में निरंतर मूल्यांकन पर ज़ोर दिया जाए।
  - नियंत्रण और संतुलन लागू करके योगात्मक मूल्यांकन और मूल्यांकन को पारदर्शी बनाए जाएं।
- **विश्वसनीयता हेतु प्रौद्योगिकी का लाभ उठाएं:**
  - विश्वसनीयता बढ़ाने, प्रश्नपत्रों और मूल्यांकन को मानकीकृत करने के लिये मूल्यांकन में प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जाए।
  - केंद्रीकृत और वितरित मूल्यांकन प्रणालियों दोनों के लिये **बाज़ार में उपलब्ध सॉफ्टवेयर समाधानों** का अन्वेषण किया जाए।
- **मूल्यांकन प्रणालियों का बाहरी ऑडिट:**
  - विश्वविद्यालयों और स्कूल बोर्डों में मूल्यांकन प्रणालियों का नियमित बाहरी ऑडिट किया जाए।
  - **विश्वसनीयता और निरंतरता सुनिश्चित करते हुए ऑडिट रिपोर्ट** के लिये बेंचमार्क सिद्धांत तथा मानक स्थापित किया जाए।
  - पारदर्शिता, विश्वसनीयता और निरंतरता के आधार पर ग्रेड परीक्षा बोर्ड, ऑडिट रिपोर्ट में इन पहलुओं को दर्शाते हैं।
- **छात्रों के लिये पारदर्शिता उपाय:**
  - पारदर्शिता के लिये उपाय लागू किया जाए, जिससे छात्रों को मूल्यांकन प्रक्रिया तक पहुँचने और शिकायतों का समाधान करने की अनुमति मिले।

## शिक्षा से संबंधित पहलें

- [शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009]
- [नई शिक्षा नीति 2020]
- [सर्व शिक्षा अभियान (SSA)]
- [राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान]
- [राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (RUSA)]
- [राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA)]
- [राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा]

## UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्षों के प्रश्न

**??????????:**

**प्रश्न1. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस प्रावधान का शिक्षा पर प्रभाव है? (वर्ष 2012)**

1. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत
2. ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकाय
3. पाँचवीं अनुसूची
4. छठी अनुसूची
5. सातवीं अनुसूची

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

(A) केवल 1 और 2
(B) केवल 3, 4 और 5
(C) केवल 1, 2 और 5
(D) 1, 2, 3, 4 और 5

**उत्तर- (D)**

---

## ?????

**प्रश्न1. भारत में डिजिटल पहल ने किस प्रकार से देश की शिक्षा व्यवस्था के संचालन में योगदान किया है? विस्तृत उत्तर दीजिये। (2020)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/concerns-over-existing-examination-system